# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

# CUH student secured first position in Print Olympiad (North Zone)

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 23-08-2022**

## मेघना रेड्डी प्रिंट ओलम्पियाड के नॉर्थ जोन में प्रथम



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) महेंद्रगढ़ के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग की छात्रा मेघना रेड्डी ने प्रिंट ओलम्पियाड के नॉर्थ जोन में प्रथम स्थान हासिल किया है। मेघना की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बधाई दी। विभाग के सहायक आचार्य व प्रिंट ओलंपियाड नॉर्थ जोन के समन्वयक अनिल कुंडू ने बताया कि प्रतियोगिता में देश के विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था जिन्हें चार जोन में बांटा गया तथा प्रत्येक जोन से एक-एक विद्यार्थी को चुना गया। उत्तरी भारत के 12 प्रिंटिंग संस्थानों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इनमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की मेघना रेड्डी ने नॉर्थ जोन प्रथम स्थान हासिल किया। ऑल इंडिया स्तर पर इस प्रतियोगिता का फाइनल आगामी 5 सितंबर को दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय मुरथल में आयोजित किया जाएगा। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 23-08-2022**

## हकेंवि की छात्रा ने प्रिंट ओलिंपियाड नॉर्थ जोन में पाया प्रथम स्थान

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़



हकेंवि, महेंद्रगढ़ के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग की छात्रा मेघना रेड्डी ने प्रिंट ओलिंपियाड के नॉर्थ जान में प्रथम स्थान हासिल किया है। मेघना की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बधाई देते हुए जीवन में इसी तरह आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता डॉ. फूल सिंह ने बताया कि प्रिंट ओलम्पियाड प्रिंटिंग के क्षेत्र में देश में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है। विभाग की छात्रा का इस प्रतियोगिता के नॉर्थ जोन में प्रथम स्थान हासिल करना विभाग के शिक्षकों एवं छात्रा की मेहनत का परिणाम है। विभाग के सहायक आचार्य व प्रिंट ओलम्पियाड नॉर्थ जोन के समन्वयक अनिल कुंडू ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की, जिन्हें चार जोन में बांटा गया तथा प्रत्येक जोन से एक-एक विद्यार्थी को चुना गया। जिसमें उत्तरी भारत के 12 प्रिंटिंग संस्थानों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इनमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की मेघना रेड्डी ने नॉर्थ जोन प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया स्तर पर इस प्रतियोगिता का फाइनल 5 सितम्बर को दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय, मुरथल में आयोजित किया जाएगा। हकेंवि के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के प्रभारी संदीप बूरा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन ऑफसैट प्रिंटर्स एसोसिएशन द्वारा किया गया। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने विभाग के सभी शिक्षकों को बधाई दी व चयनित छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 23-08-2022**

## मेघना ने प्रिंट ओलम्पियाड नॉर्थ जोन में पाया प्रथम स्थान



महेंद्रगढ़ में हकेवि की छात्रा मेघना रेड्डी को सम्मानित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

**नारनौल (निस) :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग की छात्रा मेघना रेड्डी ने प्रिंट ओलम्पियाड के नॉर्थ जोन में प्रथम स्थान हासिल किया है। मेघना की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बधाई देते हुए जीवन में इसी तरह आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

दैनिक ट्रिब्यून Tue, 23 August 2022
https://epaper.dainiktribun

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Impressive Times** **Date: 23-08-2022**

## CUH student secured first position in Print Olympiad North Zone



Sanjeev Kumar
info@impressivetimes.com

**MAHENDERGARH:** Meghna Reddy, a student of the Department of Printing and Packaging Technology, Central University of Haryana (CUH), Mahendragarh has secured first position in the North Zone of Print Olympiad. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor congratulated and encouraged Meghna Reddy to keep moving forward in life in the similar manner. Dr. Phool Singh, Dean, School of Engineering and Technology said that the Print Olympiad is a prestigious competition organized in the country in the field of printing. The department's student securing the first position in the North Zone of this competition is the result of the hard work of the teachers and students of the department. Shri Anil Kundu, Assistant Professor and coordinator of Print Olympiad North Zone said that students from different institutions of the country participated in this competition and were divided into four zones. One student from each zone was selected and students from 12 printing institutes of North India participated. In these, Meghna Reddy secured the first position in North Zone. He informed that the final of this competition at All India level would be organized on 5th September at Deenbandhu Chhotu Ram University, Murthal. Shri Sandeep Boora, TIC, Department of Printing and Packaging Technology informed that this competition was organized by Offset Printers Association. He congratulated all the teachers of the department for this achievement and wished for the bright future of the selected student.

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 23-08-2022**

# हकेंवि की छात्रा मेघना रैड्डी प्रिंट ओलिम्पियाड नॉर्थ जोन में प्रथम



*हकेंवि की छात्रा मेघना रैड्डी कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व शिक्षकों के साथ।*

महेंद्रगढ़, 22 अगस्त (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टैक्नोलॉजी विभाग की छात्रा मेघना रैड्डी ने प्रिंट ओलिम्पियाड के नॉर्थ जान में प्रथम स्थान हासिल किया है। मेघना की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बधाई देते हुए जीवन में इसी तरह आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी के अधिष्ठाता डॉ. फूल सिंह ने बताया कि प्रिंट ओलिम्पियाड प्रिंटिंग के क्षेत्र में देश में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है। विभाग की छात्रा का इस प्रतियोगिता के नॉर्थ जोन में प्रथम स्थान हासिल करना विभाग के शिक्षकों एवं छात्रों की मेहनत का परिणाम है।

इस संबंध में विभाग के सहायक आचार्य व प्रिंट ओलिम्पियाड नॉर्थ जोन के समन्वयक अनिल कुंडू ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की, जिन्हें 4 जोन में बांटा गया तथा प्रत्येक जोन से एक-एक विद्यार्थी को चुना गया, जिसमें उत्तरी भारत के 12 प्रिंटिंग संस्थानों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इनमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की मेघना रैड्डी ने नॉर्थ जोन प्रथम स्थान हासिल किया।

उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया स्तर पर इस प्रतियोगिता का फाइनल 5 सितम्बर को दीनबंधु छोटू राम विश्वविद्यालय, मुरथल में आयोजित किया जाएगा। हकेंवि के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टैक्नोलॉजी विभाग के प्रभारी संदीप बूरा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन द्वारा किया गया। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने विभाग के सभी शिक्षकों को बधाई दी व चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बी.कॉम प्रथम समैस्टर में वर्षा 80.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम



*छात्रा वर्षा, सारिका, प्रियंका।*

महेंद्रगढ़, 22 अगस्त (मोहन, परमजीत): इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा बी.कॉम प्रथम समैस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज का परिणाम सराहनीय रहा।

कॉलेज की छात्रा वर्षा रानी पुत्री मूलचंद ने 80.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, प्रियंका पुत्री विनोद ने 77.5 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा सारिका पुत्री सुधीर ने 77.17 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों में ऋषभ शर्मा ने 73.5, भागेश ने 73.3, प्रतिभा ने 72.67 नेहा ने 71.33, योगिता ने 71.17, मुकुल ने 69.5, याशिका ने 66.5, मुस्कान ने 66 व तन्नू ने 65.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी हासिल की।

शानदार परिणाम पर चेयरमैन राव बहादुर सिंह, वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव व चेयरपर्सन संगीता यादव ने भी सभी अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

डायरैक्टर विजय सिंह यादव ने भी इस परिणाम पर अपनी खुशी प्रकट की तथा परिश्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य मनोज कुमार, बी.एड. कॉलेज प्राचार्य बबरूभान, डॉ. प्रदीप यादव एवं समस्त का स्टाफ भी रहा और विद्यार्थियों के परिणाम की सराहना की।